प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज बिलासपुर जिला के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे, विभिन्न विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।
- पारंपरिक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का दूसरा वैश्विक सम्मेलन आज नई दिल्ली में हो रहा शुरू।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार।
- दिल्ली–कुल्लू हवाई रूट पर एलायंस एयरलाइन ने आगामी एक महीने तक हवाई उड़ानों का शेड्यूल किया जारी।

नाथपा बांध

शिमला जिला के रामपुर स्थित नाथपा झाकड़ी बांध के रेडियल गेटों के रखरखाव के चलते आज सुबह 11 बजे से बांध का अतिरिक्त पानी नदी में छोड़ा जाएगा। लगभग 170 क्यूसिक पानी छोड़े जाने से नदी का जल स्तर अचानक बढ़ने की संभावना है जिसे देखते हुए प्रशासन ने रामपुर बुशहर व आसपास के क्षेत्रों में रहने लोगों से नदी से दूर रहने की अपील है।

मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 20 और 21 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी के आसार बन रहे हैं जिससे प्रदेश पहुंचने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों में इस वर्ष व्हाइट क्रिसमस की उम्मीदें बढ़ गई है। विभाग के अनुसार एक हल्का पश्चिमी विक्षोभ आज रात से हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज और कल हल्की बर्फबारी हो सकती है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज बिलासपुर जिला के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में लगभग 69 करोड़ रूपये के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री यहां 6 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से बनने वाले बहुउद्देशीय खेल परिसर की आधारशिला रखेंगे।

वे घुमारवीं शहर में करीब 5 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित पुलिस थाने का उद्‌घाटन और 6 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले पुलिस फैमिली क्वाटर की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद सीर खड्ड में निर्मित वर्षा जल संग्रहण कार्य (चेक डैम) का उद्‌घाटन करेंगे। इस बीच मुख्यमंत्री घुमारवीं में ही अखिल भारतीय पेंशनर दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

हवाई सेवाएं

दिल्ली–कुल्लू हवाई रूट पर एलायंस एयरलाइन ने आगामी एक महीने तक का शेड्यूल जारी कर दिया है जिसके चलते क्रिसमस और नए साल के जश्न के लिए कुल्लू–मनाली घूमने आने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है।

टनल

राजधानी शिमला में बीते दिनों भटटाकुफर में अचानक सड़क धंसने के मामले में भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण टीम ने अपनी रिपोर्ट उपायुक्त शिमला को सौंप दी है। रिपोर्ट में घटना के लिए पानी की पाइप का रिसाव प्रमुख कारण बताया गया है। जिला प्रशासन ने इस घटना के बाद से यहां फोर लेन निर्माण में बन रही टवीन टनल निर्माण पर रोक लगा रखी है। विस्तृत ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी...

उपायुक्त शिमला ने अब जल शक्ति विभाग से अब विस्तृत रिपोर्ट मांगी कि टनल निर्माण प्रभावित क्षेत्र में भूमि के नीचे कहां–कहां पानी के पाइप बिछे हैं ताकि निर्माण कार्य में सतर्कता बरती जा सके।

विंटर फेस्टिवल

चम्बा जिला की विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी में विंटर फेस्टिवल का आयोजन 25 से 31 दिसम्बर तक किया जाएगा। फेस्टिवल के दौरान हर रोज सांस्कृतिक संध्या में चम्बा कि समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी वहीं फेस्टिवल की अंतिम संध्या के दौरान 31 दिसंबर को सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ रात 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी, ताकि नववर्ष का स्वागत उत्सवी माहौल में किया जा सके। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि ये आयोजन जिला में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। इसके सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं वहीं उनकी देश विदेश के पर्यटकों से अपील है कि इस फेस्टिवल का हिस्सा बनें।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। कल हमीरपुर में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार खेलों के क्षेत्र में देश का विश्व में सुपर फाइव में पहुंचाने के लिए अग्रसर है।

विगत 11 वर्षों में खेल क्षेत्र को आगे बढ़ाने में केंद्र सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत की स्पोर्ट्स इंडस्ट्री 120 बिलियन डॉलर की हो जाएगी। अनुराग ठाकुर ने बताया कि एक समय था जब अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के पदक तालिका में हम कहीं नहीं होते थे या फिर एक दो पदकों के साथ आखरी पायदान पर कहीं खड़े होते हैं। आज विश्व में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के चर्चे हो रहे हैं और इन 10 सालों में उपलब्धियों की हमारी एक लंबी लिस्ट बनी है।

पारंपरिक चिकित्सा सम्मेलन

पारंपरिक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का दूसरा वैश्विक सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में दुनिया भर के 170 से अधिक नीति निर्माता, वैज्ञानिक और चिकित्सक पारंपरिक चिकित्सा की समावेशी और टिकाऊ स्वास्थ्य प्रणालियों पर विचार–विमर्श करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य इलाज में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के उपयोग को बढ़ावा देना है। यह शिखर सम्मेलन इस बात पर ध्यान केंद्रित करेगा कि पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियां जन–केंद्रित स्वास्थ्य सेवा और वैश्विक कल्याण में किस प्रकार सार्थक योगदान दे सकती हैं। इस कार्यक्रम में 25 से अधिक सत्रों में 170 से अधिक विशेषज्ञ वक्ता शामिल होंगे।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी और दिव्य हिमाचल का एक जैसा शीर्षक है चिटटा सौदागरों की पहचान, नाम और नेटवर्क सब मिटा देंगे।

वन भूमि पर सेब बागीचों को काटने पर रोक, सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का का आदेश अमर उजाला की एक खबर है।

दैनिक भास्कर के अनुसार हिमाचल अब खुद तैयार करेगा प्राकृतिक खेती के लिए बीज ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज बिलासपुर जिला के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे, विभिन्न विकासात्मक कार्यों के उद्‌घाटन व शिलान्यास करेंगे।
- पारंपरिक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का दूसरा वैश्विक सम्मेलन आज नई दिल्ली में हो रहा शुरू।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार।

- दिल्ली–कुल्लू हवाई रूट पर एलायंस एयरलाइन ने आगामी एक महीने तक हवाई उड़ानों का शेड्यूल किया जारी।